दिनांक : 20.05.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- रोम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी के बीच शिखर वार्ता।
- प्रदेश कैबिनेट ने 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं को दी मंजूरी, तबादला नीति-2026 भी पास।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बैतूल के भीमपुर में लॉन्च की अत्याधुनिक 'गजेल' मशीन, 10 मिनट में होगी सिकल सेल की जांच।
- कुछ ही देर में ईडन गार्डन्स में आमने-सामने होंगे, कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस।

**प्रधानमंत्री-इटली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रोम में इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान में भारत-इटली संबंधों को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने की घोषणा की। इस दौरान व्यापार, रक्षा, टेक्नोलॉजी और स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने पर खास जोर दिया गया। दोनों देश 'भारत-इटली नवाचार केंद्र' स्थापित करने और रक्षा साजो-सामान के सह-उत्पादन पर भी काम करेंगे। जहाजरानी, बंदरगाह आधुनिकीकरण और समुद्री अर्थव्यवस्था में भी मिलकर काम करने का फैसला हुआ है।

**कैबिनेट बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में 30 हजार 55 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां दी गईं। बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों की पेंशन के लिए 15 हजार 184 करोड़ और किसानों की फसल बीमा योजना के लिए 11 हजार 608 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। कैबिनेट बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप ने मीडिया को बताया-

कैबिनेट बैठक में तबादला नीति-2026 को भी मंजूरी मिल गई है। इस नीति के तहत 1 जून से 15 जून के बीच तबादले किए जा सकेंगे। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तबादले प्रभारी मंत्री की मंजूरी से होंगे, जबकि प्रथम श्रेणी अधिकारियों के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति जरूरी रहेगी।

**महासम्मेलन**

भोपाल के जंबूरी मैदान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में ग्राम रोजगार सहायकों का राज्य स्तरीय महासम्मेलन हुआ। महासम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों रोजगार सहायक अपनी मांगों को लेकर एकजुट हुए। सहायक लंबे समय से नियमितीकरण व वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मातृत्व, पितृत्व और ऐच्छिक अवकाश देने के साथ सेवा की आयु सीमा 62 साल करने और निर्दोष साबित होने पर नौकरी वापस देने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने एमएसपी पर गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ाने का भी ऐलान किया।

**राज्यपाल**-बैतूल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज बैतूल के भीमपुर में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन कार्यक्रम में अत्याधुनिक जांच मशीन 'गजेल' का शुभारंभ किया। यह मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर में लगाई जाएगी, जहां सिकल सेल और थैलेसीमिया की जांच महज 10 मिनट में हो सकेगी।

**ट्विशा मौत**

भोपाल में ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में आज उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार इस मामले में परिवार की पूरी मदद करेगी। वहीं दूसरी तरफ फरार पति समर्थ के खिलाफ पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है और एसआईटी हर एंगल से जांच कर रही है। इसके अलावा इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार से सात दिन में जवाब मांगा है।

**संघ प्रमुख-शहडोल**

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत आज कड़े सुरक्षा घेरे के बीच शहडोल पहुंचे. वे तीन दिन के प्रवास पर रहेंगे। यहां सरस्वती स्कूल में 18 मई से 8 जून तक चल रहे कार्यकर्ता विकास वर्ग में चार प्रांतों के 383 स्वयंसेवक प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस वर्ग में बौद्धिक सत्र, शारीरिक प्रशिक्षण और संगठनात्मक गतिविधियां शामिल हैं। डॉ. भागवत अपने प्रवास के दौरान राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे।

**NEET-UG परीक्षा -शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर नीट- यूजी पुनर्परीक्षा को सुरक्षित और निष्पक्ष तरीके से कराने पर जोर दिया। बैठक में ऑनलाइन गुमनाम समूहों के जरिए परीक्षा से जुड़ी फर्जी सूचनाएं फैलाने पर गहरी चिंता जताई गई। मंत्री ने ऐसे नेटवर्क की पहचान कर उन्हें बंद करने के निर्देश दिए।

**नई ट्रेन**

गुजरात के कच्छ जिले को राजस्थान और दिल्ली से जोड़ने वाली नई रेल सेवा इस शुक्रवार से शुरू होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भुज से ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन सुबह 11 बजे भुज से चलकर जालोर, भीलड़ी और पाली होते हुए अगले दिन दिल्ली पहुंचेगी।

**दवा दुकानें -हड़ताल**

प्रदेश में आज हजारों दवा दुकानें बंद रहीं। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में यह एक दिवसीय हड़ताल बुलाई थी। हड़ताल को प्रदेश के ज्यादातर रिटेल और थोक दवा व्यवसायियों ने समर्थन दिया। भोपाल में केमिस्टों ने ऑनलाइन सिस्टम का पुतला भी दहन किया। व्यापारियों का आरोप है कि ऑनलाइन दवाओं की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर अभी कोई स्पष्ट सिस्टम नहीं है, जो सीधे आम लोगों की सेहत के लिए खतरनाक है।

**खंडवा -लोकार्पण,**

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने आज खंडवा के ग्राम रोशनी में 1 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से बने इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर का लोकार्पण किया। यह परियोजना प्रधानमंत्री की 'लखपति दीदी' योजना को साकार करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। 16 स्व-सहायता समूहों की 160 आदिवासी महिलाएं मछली पालन, बत्तख पालन और जैविक खेती से आय कमाएंगी।

**सीहोर- खिलौना**

सीहोर जिले के बुधनी के पारंपरिक लकड़ी के खिलौने अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी खास जगह बना रहे हैं। जी-20 सम्मेलन में विदेशी प्रतिनिधियों को यहां के कारीगरों द्वारा बनाए 500 चरखे भेंट किए गए थे, वहीं दुबई के अंतरराष्ट्रीय हस्तकला बाजार में भी इन्हें खूब सराहा जा चुका है। बुधनी में 29 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक खिलौना क्लस्टर बनाया जा रहा है, जहां 51 शेड में कारीगर बड़े पैमाने पर उत्पादन कर सकेंगे। दूधी लकड़ी से बने ये खिलौने पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल और बच्चों के लिए सुरक्षित हैं।

**किरायेदार-जानकारी**

भोपाल पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने शहर में नया आदेश जारी किया है। इसके तहत मकान मालिकों को किरायेदार या पेइंग गेस्ट रखने के एक हफ्ते के भीतर थाने या एममी पुलिस सिटिजन पोर्टल पर जानकारी देनी होगी। घरेलू नौकर, होटल-लॉज में ठहरे मेहमान, डिलीवरी बॉय, स्पा-ब्यूटी पार्लर कर्मचारी और निर्माण मजदूरों का विवरण भी पुलिस को देना जरूरी होगा। यह आदेश दो महीने तक लागू रहेगा और उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई होगी।

**सुप्रीम कोर्ट - जाति जनगणना**

सर्वोच्च न्यायालय ने 2027 की जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह मामला सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र

में आता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि पिछड़े वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाने के लिए उनकी संख्या जानना जरूरी है।

**आईपीएल**

आईपीएल का 65वां मैच अब से कुछ देर बाद ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए कोलकाता को हर हाल में यह मैच जीतना होगा। वे 12 मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ आठवें स्थान पर हैं। मुंबई पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है और 8 पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है।

**संक्षिप्त समाचार**

- देवास जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रगति पर है।
- गुना में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा बीनागंज स्थित फैंसी पटाखा दुकान और गोडाउन का औचक निरीक्षण किया गया।
- आगरमालवा कलेक्टर ने आज स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा से जोड़ा जाए।
- जबलपुर में भारतीय रेल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 अभियान के तहत पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में 15 मई से 5 जून तक पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- सीहोर जिले में नौतपा से पहले ही भीषण गर्मी और गहरा जल संकट लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है।
- **राजगढ़** जिले में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान एवं सेमिनार का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने लगाने के लिए कलेक्ट की अध्यक्षता में 'जिला सड़क सुरक्षा समिति' की बैठक हुई।

- झाबुआ में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के "सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन" योजना के तहत उत्कृष्ट काम करने वाले किसानों से पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

---------------------------------------------